मेरी चिंता करने वाला खाटू में बैठा है

मेरी चिंता करने वाला खाटू में बैठा है
मेरी संकट हरने वाला खाटू में बैठा है

दीन दयाला मुरलीवाला मेरा साथी खाटू वाला
आंच भी मुझ पर कैसे आये श्याम जो मेरा है रखवाला
मेरी रक्षा करने वाला खाटू में बैठा है

विपदा आये मन घबराये सांवरा मुझको राह दिखाए
याद करूँ मैं नाम लून उसका लीले चढ़ कर वो आ जाए
मेरी लाज बचाने वाला खाटू में बैठा है

श्याम धनी की मोरछड़ी की छाया में परिवार है मेरा
मुझको कमी क्या शीश का दानी सोनू पालनहार है मेरा
मेरी बिगड़ी बनाने वाला खाटू में बैठा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15859/title/meri-chinta-karne-vala-khatu-ve-betha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |